Sixteenth Loksabha

an>

Title: Regarding shortage of under ground water in Alwar Parliamentary Constituency, Rajasthan.

डॉ. करण सिंह यादव (अलवर):अध्यक्ष महोदया, अलवर जिले में कुओं में निरंतर गिरते जल स्तर से पीने के पानी तथा सिंचाई के पानी की भारी कमी है। अधिकांश जिला डार्क जोन में घोषित हो गया है। जिले की एकमात्र आशा चम्बल का पानी है। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार द्वारा संपूर्ण अलवर जिले में, भरतपुर तथा धौलपुर जिले के आंशिक क्षेत्र में चम्बल का पानी लाने के लिए परियोजना बनी थी, जिसकी लागत करीब पांच हजार करोड़ रुपये थी। लेकिन वर्तमान सरकार ने इस परियोजना को ठंडे बस्ते में डाल दिया है।

मेरी एक और प्रार्थना है कि मेरे जिले अलवर में वर्ष 1910 से घाट-कैनाल व नहर की परियोजना बनी हुई है, लेकिन आज यह नहर जर्जर व पूरी तरह से मिट्टी से भर गई है। इस नहर के द्वारा वर्षा ऋतु में अलवर जिले के मौजपुर, लक्ष्मणगढ़, कफनवाड़ा, लीली तथा जावली सहित दर्जनों बांधों में घाट कैनाल द्वारा रूपारेल का पानी आता था, जिससे जलस्तर बढ़ता था और उसका पानी सिंचाई के काम आता था, लेकिन आज यह नहर जर्जर व भूमिगत होने से क्षेत्र का लगातार जलस्तर घटता जा रहा है। इसकी मरम्मत शीघ्र कारवाई जाये ताकि अलवर के मौजपुर, लक्ष्मणगढ़, कफनवाड़ा, लीली तथा जावली क्षेत्र पानी से भर जाए।

मैडम, मेरा एक आखिरी निवेदन है, मैं सिर्फ कुछ सेकेंड में अपनी बात समाप्त करूंगा। वर्तमान में इस्टर्न राजस्थान कैनाल का प्रोजेक्ट है।

माननीय अध्यक्ष: केवल एक बात उठाई जाती है, दो-दो या तीन-तीन बात नहीं उठाई जाती हैं।